Title: Demanded retransfer of the female teachers of Kendriya Vidyalayas in Bihar who have been transferred to such militants-infested states as Jammu and Kashmir, Nagaland, Manipur etc.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को बतलाना चाहती हूं कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा बिहार में 280 शिक्षकों का स्थानान्तरण किया गया है जिसमें 130 महिला शिक्षिकाएं भी हैं । इस स्थानान्तरण में इस बात का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया है कि वे महिला शिक्षिकाएं बीमार है, विक्लांग हैं, उन्हें ब्लड प्रैशर है या डायबिटीज है या वे किसी और बीमारी से पीड़ित हैं, इसमें इन सब बातों का कोई ध्यान नहीं रखा गया है और उन महिला शिक्षिकाओं को मणिपुर, आसाम, नगालैंड, मिजोरम और जम्मू कश्मीर जैसे उग्रवादग्रस्त क्षेत्रों में स्थानान्तरित किया गया है। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या सरकार इन महिलाओं को नौकरी नहीं करने देना चाहती है। जब कि सरकार में नियम है कि जहां पति रहेगा, वहीं पत्नी भी नौकरी करेगी। इन महिलाओं के पति बिहार में काम कर रहे हैं और इन महिलाओं को उपरोक्त इलाकों में भेजा गया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहती हूं कि एक ओर वह महिला सशक्तिकरण वर्ष मना रही है, महिलाओं की सुरक्षा की बात कर रही है, महिलाओं की प्रगति और विकास की बात कर रही है और दूसरी तरफ उनकी वर्तमान स्थिति की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसलिए मैं मांग करती हूं कि सरकार केन्द्रीय विद्यालय संगठन के पदाधिकारियों को निर्देश दे कि वे इस तरह के तबादलों पर रोक लगाएं और ऐसी महिलाओं की वर्तमान स्थिति पर ध्यान देकर उन्हें वापस बुलायें तथा भविय में इसकी पुनरावृत्ति न हो। धन्यवाद।